भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. 1237

सोमवार, 06 दिसम्बर, 2021/15 अग्रहायण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**करनाल और पानीपत में अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्रों की स्थापना**

**1237. श्री संजय भाटिया:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाली कंपनियां एफडीआई के माध्यम से भारत के पर्यटन क्षेत्र में निवेश करने का इरादा रखती है और यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का पर्यटन क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए पर्यटन केंद्र स्थापित करने का विचार है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार पर्यटन को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए करनाल संसदीय क्षेत्र के पानीपत में अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्रों को स्थापित करने का है; और

(घ) यदि हां तो, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क): जी, हां महोदय। अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं भारत के पर्यटन क्षेत्र में निवेश करने की इच्छुक हैं। भारत में पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में स्वचालित मार्ग से लागू नियमों और कानूनों के अधीन 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति है। होटल, रिसॉर्ट और मनोरंजक सुविधाओं के विकास सहित पर्यटन निर्माण परियोजनाओं में 100% एफडीआई की अनुमति दी गई है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय भारत के पर्यटन क्षेत्र में एफडीआई पर कोई डेटा संकलित नहीं करता है।

(ख) से (घ): पर्यटन केंद्रों की स्थापना सहित पर्यटन का विकास, मुख्य रूप से संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों का दायित्व है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय ने हरियाणा में 'स्वदेश दर्शन' योजना के तहत एक परियोजना को निम्नानुसार स्वीकृति प्रदान की है:-

| राज्य | परिपथ | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|---|
| हरियाणा | कृष्णा परिपथ | 2016-17 | कुरुक्षेत्र में महाभारत से संबंधित स्थानों पर पर्यटन अवसंरचना का विकास | 97.35 |

*******